राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1275

21 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण

1275. डॉ. फौजिया खान:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विभिन्न इस्पात संयंत्रों में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित नहीं किए गए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरे सहित इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत पर्यावरण मानदंडों को अधिसूचित किया है। प्रत्येक इस्पात संयंत्र के लिए आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण उपकरण संस्थापित करने के बाद और प्रचालन आरंभ करने से पहले "प्रचालन के लिए सहमति" प्राप्त करना अपेक्षित है। इस्पात संयंत्र तद्नुसार पर्यावरण मानदंडों का अनुपालन करते रहे हैं, जिनकी केन्द्रीय/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निगरानी की जाती है।

****